मुख्यमंत्री ने हथनी कुंड बैराज पर वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

8 नवंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यमुनानगर ज़िले में यमुना नदी पर स्थित हथनी कुंड बैराज पर वॉटर राईडिंग व यमुना में बोटिंग की शुरुआत की गई है।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के नाते हरियाणा में बहुत से क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है। पर्यटन के नाते कलेसर से कालका तक पहाड़ी के नीचे-नीचे बहुत सी संभावना है, जैसे कि पैदल ट्रैकिंग, साइकिल ट्रैकिंग व मोटरसाइकिल इत्यादि के माध्यम से विभिन्न स्थानों जैसे आदि बद्री, लोहगढ़, त्रिलोकपुर देवी का मंदिर का भ्रमण कर सकते हैं।
- हरियाणा में भी पर्यटन के नाते लोगों का रुझान बढ़ाने के लिये हथनी कुंड बैराज पर पार्क भी बनाया जा रहा है। इस पार्क का नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है।
- गौरतलब है कि गुरुग्राम और नूहं ज़िलों के क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ मे जंगल सफारी प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। इसकी शीघ्र शुरुआत की जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजे वाला हैड पहले छोटा था। उसके बाद हथनी कुंड बैराज बनाया गया, परंतु पानी की अधिकता के कारण कलेसर में 50 मीटर ऊँचा डैम बनाया जाएगा। इस डैम से हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।
- यह प्रोजेक्ट 4 प्रदेशों का मिलन बिंदु हैं। यहाँ पर पर्यटन की संभावना होगी और चारों प्रदेशों में पानी की जरूरत को पूरा किया जा सकता है। इसके माध्यम से बिजली भी बना सकते हैं। इसका लाभ राजस्थान, दिल्ली को भी मिल सकेगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurates-water-sports-activities-at-hathnikund-barrage